उत्तर प्रदेश सरकार

# उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड

19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

**सूचना / विज्ञप्ति**

## उत्तर प्रदेश पुलिस में कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए सीधी भर्ती–2023 का अन्तिम चयन परिणाम

संख्याः पीआरपीबी–बी–(कम्प्यूटर संवर्ग)15 / 2025(पार्ट फाइल) दिनांकः फरवरी 07 ,2026

उ0प्र0 पुलिस में कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए के पदों पर सीधी भर्ती–2023 के सम्बन्ध में उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा सूचना / विज्ञप्ति संख्याः पीआरपीबी–एक–2(प्रोग्रामर ग्रेड–2 / कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए)–2023 दिनांक 29–12–2023 प्रकाशित करते हुये उ0प्र0 पुलिस में कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए के 930 पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे।

2– इस भर्ती की विज्ञप्ति दिनांकित 29–12–2023 के अनुक्रम में कुल 1,01396 ऑनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त हुये। भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत प्रदेश के 10 जनपदों में ऑफलाइन लिखित परीक्षा दिनांक 01–11–2025 को एक पाली में आयोजित की गयी।

3– उ0प्र0 पुलिस में उ0प्र0 पुलिस में कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए के पदों पर सीधी भर्ती–2023 की लिखित परीक्षा के उपरान्त सूचना / विज्ञप्ति संख्याःपीआरपीबी–बी–(कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए)–15 / 2025(पार्ट फाइल) दिनांक 15–12–2025 एवं दिनांकित 09.01.2026 द्वारा क्रमशः श्रेणीवार विज्ञापित पदों के सापेक्ष अभ्यर्थियों की प्रथम चरण की कम्प्यूटर टंकण परीक्षा हेतु दिनांक 21–12–2025 से 24.12.2025 तक तथा द्वितीय चरण की कम्प्यूटर टंकण परीक्षा हेतु दिनांक 18.01.2026 व 19.01.2026 को आहूत करते हुए कम्प्यूटर टंकण परीक्षा की कार्यवाही पूर्ण की गयी।

4– कम्प्यूटर टंकण परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की बोर्ड की सूचना / विज्ञप्ति संख्याः पीआरपीबी–एक–2(प्रोग्रामर ग्रेड–2 / कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए)–2023 दिनांक 29–12–2023 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार अभिलेखों की संवीक्षा दिनांक 29–01–2026 व 30–01–2026 को सम्पन्न करायी गयी।

5– उक्त लिखित परीक्षा, कम्प्यूटर टंकण परीक्षा एवं अभिलेखों की संवीक्षा में सफल पाये गये अभ्यर्थियों की श्रेष्ठताक्रम के आधार पर उ0प्र0 शासन द्वारा समय–समय पर निर्गत आरक्षण नीति के सुसंगत प्रावधानों के अनुसार विज्ञापित रिक्तियों के सापेक्ष चयनित अभ्यर्थियों की सूची बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in पर प्रदर्शित की जा रही है।

6– उ0प्र0 पुलिस में उ0प्र0 पुलिस में कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए के 930 पदों के सापेक्ष अन्तिम चयनित अभ्यर्थी के कटऑफ मार्क्स निम्नवत् हैः–

| क्र0 सं0 | श्रेणी | पदों की संख्या | चयनित अभ्यर्थियों की संख्या | लम्बवत् आरक्षण की कटऑफ | क्षैतिज आरक्षण की कटऑफ | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित श्रेणी की कटऑफ | भूतपूर्व सैनिक की कटऑफ | महिला श्रेणी के अभ्यर्थियों की कटऑफ |
| 1 | अनारक्षित | 381 | 381 | 139.6226376 | 122.0125752 | 109.4339592 | 127.0440216 |
| 2 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 91 | 91 | 123.2704368 | — | — | 127.0440216 |
| 3 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 249 | 249 | 132.0754680 | — | — | 101.8867896 |
| 4 | अनुसूचित जाति | 193 | 193 | 108.1760976 | | — | 81.7610040 |
| 5 | अनुसूचित जनजाति | 16 | 16 | 81.7610040 | — | — | 119.4968520 |

7— उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) (संशोधन) अधिनियम—2007 के नियम—2 की धारा—3 में वर्णित प्रावधानों के अनुक्रम में इस चयन परिणाम में अनुसूचित जनजाति के रिक्ति के सापेक्ष 06 अभ्यर्थियों का चयन अनुसूचति जाति श्रेणी से किया गया है। इस परीक्षा में 142 महिला अभ्यर्थियों ने सफलता प्राप्त की।

8— उपरोक्त चयन परिणाम निम्नांकित सूचियों के अनुसार बोर्ड की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जा रहा है:—

सूचीः—

सूची—1 **उ0प्र0 पुलिस में** उ0प्र0 पुलिस में कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड—ए के **पदों पर कुल चयनित 930 अभ्यर्थियों की सूची (रजिस्ट्रेशन संख्या के बढ़ते हुये क्रम में)**

सूची—2 **अनारक्षित श्रेणी के अर्न्तगत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची (प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के क्रम में)**

सूची—3 **आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अर्न्तगत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची (प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के क्रम में)**

सूची—4 **अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अर्न्तगत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची (प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के क्रम में)**

सूची—5 **अनुसूचित जाति के अर्न्तगत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची (प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के क्रम में)**

सूची—6 **अनुसूचित जनजाति के अर्न्तगत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची (प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के क्रम में)**

9— "उत्तर प्रदेश पुलिस कम्प्यूटर कर्मचारी वर्ग (अराजपत्रित) सेवा नियमावली 2011" यथासंशोधित उत्तर प्रदेश पुलिस कम्प्यूटर कर्मचारी वर्ग (अराजपत्रित) सेवा प्रथम (संशोधन) नियमावली 2015 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार दो या अधिक अभ्यथियों द्वारा समान अंक प्राप्त करने की स्थिति में उनकी श्रेष्ठता का विनिश्चिय टाई ब्रेक के नियमों के अर्न्तगत अधिमानी अर्हता, अधिक आयु व नाम के प्रथम (अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार) अक्षर के क्रम में किया गया है।

10— यह चयन परिणाम बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in पर प्रदर्शित किया जा रहा है। अभ्यर्थीगण अपना रिजल्ट, रजिस्ट्रेशन नम्बर व जन्मतिथि अंकित (Submit) कर देख सकते हैं।

11— यह चयन परिणाम नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा कराये जाने वाले अभ्यर्थी के चिकित्सीय परीक्षण और शैक्षिक योग्यता, आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण—पत्रों व चरित्र सत्यापन में उपयुक्तता के अधीन होगा।

12— चयन परिणाम के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को सूच्य है कि यद्यपि इसे तैयार करने एवं वेबसाइट पर अपलोड किये जाने में पर्याप्त सावधानी बरती गयी है, फिर भी किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि के लिये बोर्ड उत्तरदायी नहीं होगा और न ही त्रुटि पाये जाने पर त्रुटिपूर्ण अंकन का किसी को किसी प्रकार का लाभ या अधिकार प्राप्त होगा या अनुमन्य होगा।

13— यह सूचनायें इस सूचना/विज्ञप्ति के माध्यम से उपलब्ध करायी जा रहीं है, उनके सम्बन्ध में सूचना का अधिकार अधिनियम—2005 के अर्न्तगत पृथक से कोई प्रार्थना—पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें और न ही उन पर बोर्ड द्वारा कोई विचार किया जायेगा।

संलग्नक—सूची।

(सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज)
पुलिस उप महानिरीक्षक/अपर सचिव, भर्ती
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।